**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मुख्यमंत्री राहत कोष की वेबसाइट का लोकार्पण

**लोकार्पण**

पेटीएम के माध्यम से भी दानराशि जमा की जा सकती

## दानदाता ऑनलाइन कोविड 19 राहत कार्यो के लिए दे सकते है अमूल्य योगदान



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास में शनिवार को कोविड –19 ( कोरोना राहत कार्यों) के लिए दानदाताओं द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में धनराशि डिजिटल पेमेंट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष की वेबसाइट cmrf-uk-gov-in का लोकार्पण किया। अब सभी दानदाता घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से कोविड 19 राहत कार्यों के लिए अपना अमूल्य योगदान दे सकते हैं। NEFT या IMPS के द्वारा एवं अन्य माध्यमों के द्वारा दानराशि जमा करने की जानकारी भी cmrf-uk-gov-in वेबसाइट में उपलब्ध है। मुख्यमंत्री राहत कोष में यूपीआई (यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेंस) cmrfuk@sbi-in के द्वारा या वेबसाइट cmrf-uk-gov-in esa क्यूआर कोड को स्कैन करके पेटीएम ,भीम एप , गूगल पे, फोन पे इत्यादि डिजिटल माध्यमों से भी पेमेंट कर सकते हैं।

पेटीएम एप के सर्च बॉक्स में मुख्यमंत्री राहत कोष लिखकर डायरेक्ट पेटीएम के माध्यम से भी दानराशि जमा की जा सकती है। मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा की जाने वाली दानराशि 80जी के अन्तर्गत इनकमटैक्स में छूट के लिए पात्र हैं, दानदाता इस बेबसाइट में 80जी रसीद के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं। यह वेबसाइट सीएम ऑफिस द्वारा एनआईसी के माध्यम से बहुत कम समय में तैयार की गई है।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जनता से अपील की है कि कोरोना राहत कार्यों में सहयोग देने के लिए cmrf-uk-gov-in website एवं सभी डिजिटल पेमेंट माध्यमों का उपयोग कर अधिक से अधिक दान देकर सहयोग करें।

वेबसाइट उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार श्री रवींद्र दत्त ,सचिव मुख्यमंत्री श्रीमती राधिका झा, एनआइसी उत्तराखंड के उपमहानिदेशक के नारायण ,एनआईसी के प्रोजेक्टर कॉर्डिनेटर अरुण शर्मा उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### 34 दिन से चौकोडी में फसें बंगाली पर्यटक

**संवाददाता** पिथौरागढ । 34 दिन से लाकडाउन के चलते पशिचिम बंगाल के पर्यटक चौकोडी में फसें हुए है।बता दें कि इन पर्यटकों के पास अब न तो पैसा बचा है और न ही इनके पास दवायें भी नही है। ये पर्यटक 21 मार्च से चौकोडी के निजी होटल में फंसे हुए है। इन लोगों ने बताया कि इनके दल में शामिल चार लो बाईपास सर्जरी वाले है। इन लोगों के पास अब अपने घर जाने को पैसा भी नही बचा हैं। बता दें कि ये पर्यटक कुमाउ दर्शन के लिए आये थे। लाकडाउन के चलते चौकोडी में फसे रह गये है। दल में कुल 27 लोग शामिल है। वही इस दल में एक चार साल की बालिका भी है। वही जानकरी के मुताबिक कुछ पर्यटक 60 साल की सीमा वाले है। दवा खत्म होने से उनकी समस्या ज्यादा बड चुकी है। बता दें कि वहां कोई चिकित्सक भी मौजुद नही है।अब इनका धैर्य भी अब जवाब देने लगा है।

### दून नागरिक राहत समूह ने मजदूरों को बांटा खाद्यान्न

**संवाददाता** देहरादून। दून के सहस्त्रधारा रोड़ पर कोरोना संकट में ध्याड़ी मजदूरों से संवाद कायम किया, जिसमें 12 परिवारों को बीते रोज चिन्हित किया गया था, जिन्हें अब तक जो राहत मिली वह नाकाफी है, सरकार द्वारा उन्हें पुलिस चौकी के माध्यम से एक माह से ज्यादा के लॉकडाउन में (5 किलो आटा, 3 किलो चावल, 1 लीटर तेल, व एक किलो चीनी मात्र दी गई), सामाजिक संगठनों ने आपसी सहयोग से एक कोष तैयार किया है। इस अवसर पर बताया गया कि दून नागरिक राहत समूह दिया है, इसी राहत समूह के तहत आज 11 बजे ध्याड़ी मजदूरों को सूखा राशन की राहत किट उलब्ध कराया गया। आप जहाँ हों, जैसे भी हों उनके साथ बिना जाति, धर्म, के भेदभाव से सहयोग करने का प्रयास करें!

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक अनूठा 'डीलर ऑपरेशंस गाइडलाइन' लागू किया

**संवाददाता** देहरादून। जब हम जीवन और कारोबारों पर कोविड19 के प्रभाव से बचने के लिए नए–नए तरीके तलाश रहे हैं तो टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज एक अनूठा डीलर ऑपरेशंस रीस्टार्ट गाइडलाइन तैयार किया है ताकि अपने डीलर पार्टनर को सुरक्षा और हाईजीन के अच्छे व्यवहार और अनुपालन का महत्व बता कर उन्हें इस मामले में शिक्षित और सशक्त कर सके। इस तरह सभी स्टेकधारकों को स्वास्थ्य से संबंधित खतरों से सुरक्षित किया जा सकेगा। सुरक्षा टोयोटा की प्राथमिकताओं में से एक है और कंपनी अपने कर्मचारियों तथा स्टेकधारकों की सुरक्षा के लिए जो कुछ करती है उसमें उसका असर दिखता है।



## आज भी दिलो में बस्ते हैं स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणाः अशोक वर्मा

**संवाददाता** देहरादून। हिमालय पुत्र स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा के 101 वें जन्मदिवस पर कांग्रेसजनों ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की ओर इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा ने स्वर्गीय बहुगुणा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया और उनको एक निर्भीक तथा अपने सिद्वान्तों से समझौता न करने वाले बहुआयामी व्यक्ति थे। इस अवसर पर वर्मा ने बताया की उनके बारे में विख्यात था कि वह एक ब्राह्मण होते हुए भी उत्तर प्रदेश के मुस्लिमो में बहुत लोक प्रिय रहे। उन्होने अपने राजनितिक जीवन के दौरान समाज के सभी वर्गों के प्रति अपनी दयालुता रखी तथा सेवा के दौरान कभी भी किसी से कोई भेद भाव नहीं किया और उनके जीवन का एक लम्बा कार्य काल सदैव स्मणीय रहा और 1989 अपनी यादों को छोड़ के इस लोक से विदा हो गये। कांग्रेस के अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि उनके बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# जिला महिला चिकत्सालय में गर्भवती महिलाओं को मुसीद नही हो पा रही अल्ट्रा साउंड सेवा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

**बदहाल स्वास्थ सेवाएं**

पिथौरागढ। जिला महिला चिकित्सालय में बीस दिन से अल्ट्रासाउंड कार्य ठप पडा हुआ है। बता दें कि देशव्यापी लाकडाउन के चलते मुख्यालय में जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को समस्याओं से दो चार होना पड रहा है। वही ऐसे हालातों में परेशानी बढ़ना जायज है।

सूत्रों के मुताबिक जिले के सबसे बडे महिला अस्पताल में लंबे समय से रेडियोलाजिस्ट का पद खाली चल रहा है। वही हफते में इनको चंपावत से मुख्यालय में अल्ट्रसाउंड करने के लिए व्यवस्था पर बुलाया जाता है। बता दें कि चंपावत से बुलाये जाने वाले रेडियोलिस्ट को अस्थायी तौर पर व्यवस्था करके बुलाया जाता है। सप्ताह में एक दिन हर बुधवार को मुख्यालय के महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड होते है। लाकडाउन के चलते मुख्यालय में ये सेवा नही दे पा रहे है।

इस कारण सबसे ज्यादा समस्या आगे आ रही है। जानकारी के मुताबिक निजी चिकिसालय में भी नही हो पा रहे ऐसे समय अल्ट्रसाउंड। बता दें कि जिले में दूरदराज के अलाकों से भी गर्भवती महिलाएं अल्ट्रसाउंड कराने के लिए आती है। जिले में अल्ट्रसाउंड कराने के लिए सीमांत तहसील धारचुला व मुसंयारी से भी कई गर्भवती महिलाएं आती है। देशव्यापी लाकडाउन के चलते बीस दिन बीत चुके है मगर गर्भवती महिलाओं के लिए व्यवस्था पूरी तरह चरमा चुकी है।

इस मामले पर अस्पताल प्रशासन भी मौन बैठा हुआ है।ताजा सूत्रों के मुताबिक लाकडाउन के मुख्यालय में आधी आबादी की जान सांसत में पड चुकी है। लाकडाउन के चलते जिले में अल्ट्रसाउंड सेवा पूरी तरह से चरमरा गई है। यदि ऐसे हालात रहेगें तो गभंवती महिलाओं के स्वास्थ की जांच भी अधर में लटक जायेगी। दूरदराज से आने वाली गर्भवती महिलाओं को इस संकट से निजात मिलने की कोई संभावना नजर नही आ रही है।

## हिमालय पुत्र स्वर्गीय बहुगुणा को अर्पित की श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। हिमालय पुत्र के नाम से देश और दुनिया में विख्यात सत्तर और अस्सी के दशक में भारतीय राजनीति के चाणक्य के नाम से प्रसिद्ध हेमवती नंदन बहुगुणा की 101 वीं जयंती के अवसर पर आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने घण्टाघर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके बारे में अपने संस्मरण साझा करते हुए धस्माना ने उक्त उद्गार व्यक्त किये।

इस अवसर पर जन्मशताब्दी वर्ष के पूरे होने पर स्वर्गीय बहुगुणा को याद करते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये और इस अवसर पर धस्माना ने कहा कि देश में हिमालय पुत्र के नाम से विख्यात उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के खिर्सू ब्लॉक में बुघाणी गांव में कानून गो रेवती नंदन बहुगुणा के घर 25 अप्रैल 1919 में जन्में हेमवती नंदन बहुगुणा अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में फिर माध्यमिक शिक्षा देहरादून में पूरी कर और उच्च शिक्षा इलाहाबाद में करने गए तो इलाहाबाद विवि के छात्र संघ में सक्रिय हो गए। छात्र राजनीति में सक्रियता के दौरान ही स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। इतने सक्रिय हुए कि अंग्रेज सरकार ने दस हजार रुपए जिंदा मुर्दा पकड़ने का इनाम रख दिया।